प्रादेशिक समाचार

17.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कल शाम समाप्त हो जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संताल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान जोरों पर चल रहा है।

******************

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज गोमिया में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि चुनाव की लहर बता रही है कि जनता ने झामुमो, कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय ले लिया है।

******************

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने महागामा विधानसभा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान हेमन्त सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार के कार्यकाल में राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। राज्य के एक मंत्री के घर से करोड़ों की सम्पति जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घुसपैठियों को प्रोत्साहित किया है जिसका खामियाजा आदिवासी जनता को भुगतना पड़ रहा है।

******************

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है।

******************

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद मतदाताओं से अपील का संदेश नहीं प्रसारित करने का निर्देश दिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव के लिए मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

******************

सिमडेगा जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना की तैयारी की जा रही है।

******************

रामगढ़ उपायुक्त सह जिले के निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने रामगढ़ कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने 23 नवंबर को होने वाली मतगणना को लेकर किये सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की और कई दिशा निर्देश भी दिए।

******************

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए देश भर के शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा भावी पीढ़ियों को उनके बलिदानों को स्वीकार करने और उनकी सांस्कृतिक प्रथाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित करेगा।

*******समाप्त*******